केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक 10.06.2025

प्रेस विज्ञप्ति

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में महाप्रबंधक श्री संजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में दिनांक 10.06.2025 को क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई।

महाप्रबंधक महोदय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि राजभाषा में मिली-जुली भाषा तथा सरल शब्दों का प्रयोग करने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा भी पर्याप्त छूट मिली हुई है। इतना ही नहीं अंग्रेजी शब्दों को भी देवनागरी में लिखकर प्रयोग किया जा सकता है। बस आवश्यकता इतनी है कि हम इस हिचक और संकोच से बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि हमें अपनी बोलचाल की आम भाषा में अपना दिन-प्रतिदिन का सरकारी काम काज करने की आवश्यकता है। सरकारी सेवक होने के नाते अन्य नियमों / आदेशों की तरह राजभाषा विषयक आदेशों का निष्ठापूर्वक पालन करें। हम सब हिंदी का प्रयोग करने के लिए संकल्पबद्ध हों ताकि बैठक का आयोजन सफल एवं सार्थक हो।

इससे पहले मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर श्री आर.एन. सिंह ने अध्यक्ष (महाप्रबंधक) सहित सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे संगठन में राजभाषा का प्रयोग-प्रसार निरंतर बढ़ रहा है फिर भी निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु हमें लगातार प्रयत्नशील रहना होगा। संगठन में धारा 3 (3) का शत-प्रतिशत अनुपालन हो रहा है। मूल पत्राचार में भी हिंदी के प्रयोग की स्थिति संतोषजनक है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास रहा है कि राजभाषा नीति का पालन केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग बने । हम विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करते रहते हैं।

बैठक में मुख्यालय के विभागाध्यक्ष श्री एस.एस. नेगी, मुख्य बिजली इंजीनियर, श्री उपेन्द्र कुमार, मुख्य बिजली इंजीनियर एवं सभी विभागों के संपर्क अधिकारी (राजभाषा) भी शामिल हुए। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य सचिव श्री कल्याण सिंह ने किया।

(कल्याण सिंह )
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज